Scanned with CamScanner

..., शेतकरी आत्महत्या यासारखे विषय सजीव देखाव्यांद्वारे मांडून लक्ष वेधण्यात आले.

Scanned with CamScanner

# अंधेरे, रुकावटें ना देखें, जीत तभी मिलेगी, जब खुद को पूरा झोंकेंगे

▪ केंद्रीय युवा महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर अभिनेता मकरंद अनासपुरे ने दी सलाह, तीन हजार कलाकार 24 तक जमाएंगे विविध कलाओं के रंग

शहर संवाददाता | औरंगाबाद

विख्यात अभिनेता मकरंद अनासपुरे ने कहा कि युद्ध हो अथवा कोई कला उसे जीतने के लिए न झिझक करें और न हीं कभी डगमगाएं। खुद को उसमें पूरी तरह झोंक दें। युवावस्था के सफर में अंधेरा, रुकावटें और अनंत दिक्कतें आतीं हैं। इससे डगमगाने के बजाए उसका डटकर सामना करें। इसकी रोशनी में सफलता के रास्ते खोजें।

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के केंद्रीय युवक महोत्सव का शानदार उद्घाटन विख्यात अभिनेता अनासपुरे ने गुरुवार, 21 नवंबर की सुबह किया गया, तब उन्होंने कई अनछुए पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ.प्रमोद येवले ने की। 24 नवंबर तक होने जा रहे हिस्सा लेने के लिए 165 महाविद्यालयों के 2200 से अधिक कलाकारों ने पंजीयन कराया है।

सृजनरंग मंच पर आयोजित समारोह में अभिनेता शंतनू गंगणे, प्र-कुलपति डॉ.प्रवीण वक्ते, कुलसचिव डॉ.साधना पांडे, विद्यार्थी विकास संचालक डॉ.मुस्तजीब खान, व्यवस्थापन परिषद के सदस्य डॉ. राहुल मस्के, डॉ. अशोक देशमाने, सलाहकार मंडल व अधिसभा सदस्य प्रा. संभाजी भोसले, डॉ. लक्ष्मीकांत शिंदे, एड विजय सुबुकड़े पाटील, डॉ. दासु वैद्य, डॉ. संजय नवले, डॉ. भारती गोरे, डॉ. शिरीष अंबेकर, डॉ. संजय पाटील देवलगावकर, कमलेश महाजन आदि मंच पर उपस्थित थे। अभिनेता मकरंद अनासपुरे ने लगभग एक घंटा दिल को छू लेने वाली बातें कर हजारों की संख्या में उपस्थित युवाओं का दिल जीत लिया। कहा कि आज के युवा महोत्सव में आने पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। बीड़ का ग्रामीण बहुल क्षेत्र वर्ष 1992 में नाटयशास्त्र विभाग में अव्वल आया था। आज मुंबई में जाकर नाम रोशन कर रहा है। अनासपुरे का कहना था कि युवावस्था में किया गया संघर्ष उनके काम आया है। स्पर्धा के कलाकारों की ओर ध्यान देने का सुझाव भी देने से अनासपुरे नहीं चूके। डॉ. मुस्तजीब खान ने प्रस्तावना रखी। अतिथियों का परिचय डाक्यूमेंट्री में डॉ गणेश शिंदे ने तैयार किया। चक्रधर कोठी ने संचालन किया। कुलसचिव डॉ साधना पांडे ने आभार माना। नाटयशास्त्र विभाग की ओर से दोनों ही कलाकारों का सत्कार डॉ जयंत शेवतेकर ने किया। 24 नवंबर तक चलने वाले युवा महोत्सव में करीब तीन हजार कलाकारों के आगमन के चलते विवि क्षेत्र में रौनक देखी जा रही है।

हारकर जान देने नहीं, संघर्ष कर जीतने की अपील...

## राघवन और देशमुख की मौजूदगी में होगा 24 को महोत्सव का समापन

चार दिन तक रंगारंग कार्यक्रमों के बाद 24 नवंबर को विख्यात अभिनेता सुमित राघवन और मराठवाड़ा के भूमिपुत्र अभिनेता रोहित कुमार देशमुख की मौजूदगी में समापन होगा। लाभ उठाने का आह्वान विवि ने किया है।

Scanned with CamScanner